प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

विश्वविद्यालय में चार–दिवसीय उत्तराखंड राज्य अंतर–विश्वविद्यालय खेल महोत्सव सम्पन्न

पंतनगर। 26 फरवरी 2026। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा माननीय राज्यपाल ले ज गुरमीत सिंह की प्रेरणा से आयोजित चार–दिवसीय उत्तराखंड अंतर विश्वविद्यालय खेल महोत्सव का गरिमामय एवं ऐतिहासिक समापन हुआ। इस प्रतिष्ठित आयोजन में उत्तराखण्ड राज्य के 10 विश्वविद्यालयों ने प्रतिभाग किया। उत्तराखण्ड राज्य बनने के 25 वर्ष में यह पहला अवसर था जबकि खेल एवं क्रीडा के लिए राज्य के 10 विश्वविद्यालय एकत्रित हुआ। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान के नेतृत्व में यह महोत्सव सफलपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव में 722 खिलाडी जिसमें 412 पुरूष एवं 310 महिला प्रतिभागी उत्साहपूर्वक खेल भावना, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया। चार दिनों तक चले इस महोत्सव में एथलेटिक्स, दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय परिसर खेल उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना से सरोबार रहा। खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, परिश्रम और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की सराहना प्राप्त की।

400 मीटर रिले पुरूष वर्ग में गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर प्रथम, हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून द्वितीय एवं दून विश्वविद्यालय, देहरादून तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला वर्ग में उत्तराखण्ड संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार प्रथम, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा द्वितीय एवं कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल तृतीय स्थान पर रहें।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की सशक्त प्रक्रिया है। यह महोत्सव युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, समर्पण और सहयोग की भावना को विकसित करने का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ है। पंतनगर विश्वविद्यालय प्रदेश में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उच्च स्तर तक पहुँचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा।

कुलसचिव डा. दीपा विनय द्वारा विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में विजेता टीम/खिलाडी के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं आयोजक सचिव डा. ए.एस. जीना द्वारा सभी का स्वागत किया गया। समापन समारोह में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, प्राध्यापकगण, खेल अधिकारी, आयोजन समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। यह खेल महोत्सव उत्तराखंड की युवा शक्ति, सामूहिकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रेरक प्रतीक बनकर उभरा तथा प्रदेश में खेल उत्कृष्टता की दिशा में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ गया।